हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार 10 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 26.3 डिग्री
न्यूनतम 6.4 डिग्री

13 रोहतक रनर्स ग्रुप की बिमला बनवाला ने अलवर...



14 तहसीलदार हड़ताल पर, डीआरओ ने की 8...



# भाजपा के मंगल कमल के सामने धरने पर गोवंश

**निगम के दावे फेल :** नगर निगम नहीं पकड़ पा रहा गोवंश, चारे के लिए भटक रही गाय और नंदी, हादसों का भी बन रहे कारण

**यहां भी जमावड़ा :** आईएमटी, नया बस अड्डा, गोहाना रोड के फुटपाथ पर नंदी बैठे रहते हैं, जिन्हें लम्बे समय से पकड़ा नहीं गया



गोसेवकों के आरोप हैं कि गोशालाएं क्षमता से अधिक भरी पड़ी हैं। इसलिए गोवंश को वहां रखने में दिक्कत आ रही है। नगर निगम नई गोशालाओं का निर्माण करे और पुरानी गोशालाओं के विस्तार के लिए बजट जारी करे।

**रोहतक।** गोवंश संरक्षण और उनके भरण-पोषण को लेकर प्रशासन की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो गए हैं। भारी तादाद में गोवंश भाजपा मंगल कमल कार्यालय के बाहर घूमते नजर आते हैं। यहां का दृश्य ऐसा लगता है मानो यह गोवंश यहां धरना दे रहा है और प्रशासन से मांग कर रहा हो कि उनके लिए चारे और रहने की उचित व्यवस्था की जाए। नगर निगम इन्हें पकड़ने और गोशालाओं तक पहुंचाने में विफल साबित हो रहा है। शहर की सड़कों, बाजारों और रिहायशी इलाकों में गाय और नंदी चारे की तलाश में भटकते नजर आते हैं। कई जगहों पर ये प्लास्टिक, कचरा व अन्य हानिकारक वस्तुएं खाने को मजबूर हैं। आए दिन सड़क हादसों की वजह भी यही गोवंश बन रहे हैं। लेकिन प्रशासन संज्ञान नहीं ले रहा।

## डॉ. राजेश के मार्गदर्शन में डॉ. साक्षी की रिसर्च इलाज में अहम भूमिका निभाएगी

# टीबी के साथ होता है फंगल इंफेक्शन इसी वजह से रिकवर नहीं हो पाता मरीज

**100 लोगों पर हुए शोध में बड़ा खुलासा**

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के श्वास रोग विभाग के प्रो. डॉ. राजेश गुप्ता के दिशा निर्देशन में की गई रिसर्च के लिए पीजी छात्रा डॉ. साक्षी बिष्ट को 7 से 8 फरवरी को एयरोसिटी दिल्ली में आयोजित यूरोपियन रेस्पिरेटरी सोसायटी इंडिया समिट 2026 की दूसरी अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में पेपर प्रस्तुतीकरण की श्रेणी में प्रथम अवार्ड से नवाजा गया है। रिसर्ज में पाया गया कि करीब 50 प्रतिशत मरीजों में टीबी के बैक्टीरिया के साथ अन्य बैक्टीरिया भी होता है जिसकी वजह से मरीज ठीक नहीं हो पा रहे थे। 20 प्रतिशत मरीजों में फंगल इंफेक्शन पाया गया। डॉ. साक्षी बिष्ट की इस उपलब्धि पर कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल, श्वास रोग विभाग के प्रो. डॉ. राजेश गुप्ता ने बधाई दी। कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि हम स्वास्थ्य विभाग से जुडे हुए हैं तो ऐसे में हमें मरीजों के हित में अधिक से अधिक रिसर्च करके उन्हें प्रकाशित करवाना चाहिए।

**डॉ. साक्षी को यूरोपियन रेस्पिरेटरी सोसायटी इंडिया समिट की अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में पेपर प्रस्तुतीकरण की श्रेणी में प्रथम अवार्ड मिला**

### अन्य बैक्टीरिया और फंगल की भी जांच होनी चाहिए

डॉ. साक्षी ने बताया कि 7 से 8 फरवरी को एयरोसिटी दिल्ली में आयोजित ईआरएस इंडिया समिट 2026 की दूसरी अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया गया था। जिसमें संस्थान की तरफ से उन्होंने अकेले इस कांफ्रेंस में अपना पेपर प्रस्तुत किया था। इस पेपर का विषय रिसर्च स्पेक्ट्रम ऑफ बैक्टीरिया एंड फंगल इंफेक्शन इन स्पुटम स्मियर पॉजिटिव पलमोनरी ट्यूबरक्लोसिस पेशेंट था। डॉ. साक्षी ने बताया कि उन्होंने यह रिसर्च अपने प्रोफेसर डॉ. राजेश गुप्ता के मार्गदर्शन में की थी, जिसे कांफ्रेंस में काफी सराहा गया और प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। डॉ. राजेश गुप्ता ने बताया कि डॉ. साक्षी ने रिसर्च में करीब 100 लोगों को शामिल किया था, जिसमें उन्होंने पाया कि टीबी का इलाज मरीजों को छह माह के लिए दिया जाता है, लेकिन फिर भी कई लोग ठीक नहीं हो पाए। जांच में पता चला कि करीब 50 प्रतिशत मरीजों को टीबी के बैक्टीरिया के साथ अन्य बैक्टीरिया भी पाया गया जिसकी वजह से वों मरीज ठीक नहीं हो पा रहे थे, उन्हें उस बैक्टीरिया की पहचान कर उसकी दवा भी साथ दी गई तो वें ठीक होने शुरू हो गए। करीब 20 प्रतिशत मरीजों में फंगल इंफेक्शन भी पाया गया, उन्हें फंगल की दवा दी गई तो वें ठीक होने शुरू हो गए। टीबी के साथ अन्य बैक्टीरिया और फंगल की भी जांच होनी चाहिए ताकि इनमें से दिक्कत मिलती है तो उसका इलाज साथ देकर ठीक किया जा सके।



रोहतक। डॉ. साक्षी बिष्ट व डॉ. राजेश गुप्ता को देते कुलपति डॉ.एचके अग्रवाल।

## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर सुबह 9 बजे रक्तदान शिविर
- बिजली निगम में खुला दरबार 11 बजे से 1 बजे तक लगेगा।
- सुपवा में भारंगम व सारंग कार्यक्रम का आयोजन।
- लंबित मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों की बैठक।

## खबर संक्षेप

### कलानौर में 11 फरवरी को होगा समागम

**रोहतक।** बाबा भगत सिंह की याद में नानक सर की पावन याद में सलाना समागम दिनांक 11 फरवरी से 13 फरवरी को कलानौर में धूमधाम से मनाया जाएगा।यह जानकारी बाबा भगत सिंह गुरूद्वारा के सेवादार सरदार कुलविन्दर सिंह सिक्का ने दी। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी को प्रातः 10 बजे अखंड पाठ रखा जाएगा और 13 फरवरी को अखंड पाठ की समाप्ति के बाद अटूट लंगर बरतेगा। इस समागम में दूरदराज से संगत व रागी जत्थें व कथा वाचक अपनी मधुरवाणी से संगत को निहाल करेंगे।

### बीएड व एमएड प्रथम सेमेस्टर परीक्षाएं 23 से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने बीएड स्पेशल एजुकेशन एवं एमएड प्रथम सेमेस्टर की थ्योरी परीक्षाओं की तिथियों की घोषणा कर दी है। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि एमएड प्रथम सेमेस्टर (रेगुलर एवं री-अपीयर) तथा एमएड स्पेशल एजुकेशन प्रथम सेमेस्टर (एनईपी स्कीम, फ्रेश एवं केवल री-अपीयर) की परीक्षाएं 23 फरवरी 2026 से प्रारंभ होंगी। वहीं बीएड स्पेशल एजुकेशन प्रथम सेमेस्टर (एनईपी स्कीम, फ्रेश) की परीक्षाएं 24 फरवरी 2026 से शुरू की जाएंगी। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

## सोशल मीडिया पर फैला साइबर ठगों का मकड़जाल

# अब सरकारी लॉटरी जैसे टिकट से भी धोखाधड़ी

*लोगों को फंसाने के लिए हर दिन नए-नए तरीके, इनाम का लालच, फर्जी स्क्रीनशॉट और मैसेज भेजकर बनाते हैं शिकार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सोशल मीडिया पर साइबर ठगों ने लोगों को फंसाने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। हाल ही में एक मामले में शातिर ठग केरल लॉटरी टिकट के नाम पर लोगों को ठगने का प्रयास कर रहे थे। ठग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी लिंक भेजकर लोगों को आकर्षक इनाम का लालच देते और फिर विभिन्न बहानों से ऑनलाइन पैसे ऐंठते हैं। बता दें कि एलआईसी के पूर्व अधिकारी नफे सिंह पिलानिया ने बताया कि रिटायर होने के बाद उन्होंने फेसबुक पर 149 रुपये में ऑनलाइन लाटरी की टिकट खरीदी थी। इसके बाद उनके पास फोन आता कि आपकी लाटरी निकली है। जिसमें 12 लाख आपके खाते में आएंगे। उन्होंने बताया कि लाटरी वाले अधिकारी ने बताया कि 12 लाख आपके खाते में डालने हैं अपना अकाऊंट नंबर दे दो। उसके बाद उन्होंने अपने बच्चों से बात की तो मना कर दिया। फिर मैंने अपने एक दोस्त से बात की तो उन्होंने इस बारे में पता किया। इसके बाद पता चल कि पूरा मामला फॉड़ था। वहीं, पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी अनजान लिंक या कॉल पर भरोसा न करने की अपील की है। एलआईसी के पूर्व अधिकारी नफे सिंह पिलानिया ने बताया कि जब फ्रॉड लाटरी टिकट वालों से मैंने उनकी पहचान तो आरोपी ने अपना आईडी कार्ड भी भेजा है। उन्होंने मुझसे पैसे लेने के लिए क्यूआरकोड भी भेजा और पैसे मांगने के लिए लगातार कई दिनों तक फोन किया है। आखिर मैंने भी पैसे नहीं दिए और ना ही मैं फ्रॉड का शिकार हुआ हूं




रोहतक। इस फर्जी लॉटरी का टिकट। इससे चूना लगाने की तैयारी थी




रोहतक। फ्रॉड आरोपी की आईडी और आरोपी ने भेजा था यह क्यूआरकोड।

## तीन बजे लॉटरी खुलने का बहाना

ठग लोगों को बताते थे कि रोजाना दोपहर तीन बजे लॉटरी खुलती है और इनाम पाने के लिए पहले रजिस्ट्रेशन फीस, टैक्स या प्रोसेसिंग चार्ज जमा करना जरूरी है। कई बार वे फर्जी स्क्रीनशॉट और मैसेज भेजकर भरोसा दिलाते थे कि अन्य लोग भी इनाम जीत चुके हैं। जैसे ही पीड़ित ऑनलाइन पैसे भेजते, ठग या तो नंबर बंद कर देते या नए बहाने बनाकर और पैसे मांगने लगते थे।

### लोन के नाम पर भी ठगी

सिर्फ लॉटरी ही नहीं, बल्कि आरोपी लोन दिलाने के नाम पर भी लोगों को निशाना बनाते थे। कम ब्याज दर पर तुरंत लोन दिलाने का झांसा देकर वे प्रोसेसिंग फीस, फाइल चार्ज या बीमा के नाम पर पैसे मांगते थे। कई लोग जल्दी लोन पाने की उम्मीद में पैसे जमा कर देते थे, लेकिन उसके बाद ठग संपर्क तोड़ देते थे। इस तरह एक ही गिरोह अलग-अलग तरीकों से लोगों को ठगने का प्रयास कर रहा था।

### सोशल मीडिया बना ठगी का मुख्य माध्यम

जांच में सामने आया कि आरोपी फेसबुक, व्हाट्सऐप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों से संपर्क करते थे। वे खुद को केरल लॉटरी एजेंट या कंपनी का प्रतिनिधि बताकर लोगों को फर्जी वेबसाइट का लिंक भेजते थे। लिंक खोलते ही लोगों को बड़े इनाम जीतने के संदेश दिखाई देते थे, जिससे कई लोग उनके झांसे में आ जाते थे। ठग पहले लोगों का विश्वास जीतने के लिए उन्हें छोटे-छोटे इनाम जीतने का दावा करते और फिर बड़ी राशि जीतने का लालच देकर जाल बिछाते थे।

### ऐसे करें खुद की सुरक्षा

- अनजान नंबर या लिंक से आई लॉटरी या इनाम की सूचना पर भरोसा न करें।
- सि भी इनाम के बदले पहले पैसे जमा करने की मांग को संदेह से देखें।
- लोन दिलाने के नाम पर ऑनलाइन फीस मांगने वालों से सावधान रहें।
- अपनी बैंक डिटेल्स, ओटीपी या निजी जानकारी किसी के साथ साझा न करें।
- संदिग्ध कॉल या मैसेज मिलने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करें।

### सतर्क रहें, लिंक पर क्लिक न करें

*पुलिस अधिकारियों ने बताया कि साइबर ठग अक्सर आसान पैसे या बड़े इनाम का लालच देकर लोगों को निशाना बनाते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और बिना जांच किए ऑनलाइन भुगतान न करें। अगर किसी को लॉटरी जीतने या तुरंत लोन दिलाने का संदेश मिले, तो पहले उसकी सत्यता की जांच करें। विशेषज्ञों का कहना है कि साइबर ठगी के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और जागरूकता ही इसका सबसे बड़ा बचाव है। लोग अक्सर लालच या जल्दबाजी में आकर अपनी निजी जानकारी और पैसे साझा कर देते हैं। ऐसे में जरूरी है कि लोग डिजिटल सुरक्षा के नियमों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत साइबर हेल्पलाइन या नजदीकी थाने में दें।*

### लगातार कार्रवाई की जा रही

साइबर अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है, लेकिन लोगों की सतर्कता व जागरूकता ही उन्हें ठगी से बचा सकती है। अगर लोग सतर्क रहें और लालच से बचें, तो इस तरह के साइबर अपराधों पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है। -सुरेंद्र भौरिया, एसपी, रोहतक

# 'रिटायर्ड स्टाफ कार्ड' का झांसा, रिटायर्ड बैंक कर्मी से 25 लाख ठगे

**रोहतक।** शास्त्री नगर में एक रिटायर्ड बैंक कर्मचारी से फेसबुक के जरिए 'रिटायर्ड स्टाफ कार्ड' बनाने का झांसा देकर करीब 25 लाख रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने बैंक सर्विस कार्ड बनवाने के नाम पर पीड़ित से संपर्क किया और उसके ज्वाइंट बैंक खाते से कई ट्रांजेक्शन के जरिए बड़ी रकम निकाल ली। पीड़ित दिनेश कुमार ने बताया कि वह पीएनबी से सेवानिवृत्त हैं और पत्नी ऊषा अरोड़ा भी बैंक से रिटायर हो चुकी हैं। दोनों का पीएनबी में संयुक्त खाता है। उन्होंने फेसबुक पर 'पीएनबी रिटायर्ड स्टाफ कार्ड' से जुड़ी जानकारी देखी और आवेदन कर दिया। आवेदन के दौरान अपनी पीएफ आईडी समेत अन्य जानकारी भर दी, जिसके बाद आरोपी ने उनसे संपर्क साधा।

### ऐसे लिया झांसे में

**ज्वाइंट अकाउंट से छह ट्रांजेक्शन में निकाली रकम, साइबर क्राइम थाना कर रहा जांच**

दिनेश कुमार के अनुसार व्यक्ति ने फोन कर खुद को बैंक सर्विस से जुड़ा बताते हुए दो-तीन दिन में कार्ड बनकर आने की बात कही। कार्ड आने की बजाय उनकी तीन फिक्स्ड डिपॉजिट से करीब 10 लाख निकाल लिए गए। उनके नाम पर लगभग साढ़े चार लाख का लोन भी लिया गया। जैसे ही लोन की राशि खाते में आई, उसमें से भी करीब पांच लाख निकाल लिए गए। आरोपी ने पत्नी के ज्वाइंट खाते से भी 10 लाख निकाल लिए। कई ट्रांजेक्शन में उन्हें न कोई ओटीपी मिला और न ही मैसेज की जानकारी समय पर मिल पाई। आरोपी ने 5 को तीन ट्रांजेक्शन के जरिए 10 लाख निकाले पहली बार 5 लाख, दूसरी बार 4 लाख और तीसरी बार 1 लाख रुपये। इसके बाद 6 फरवरी को भी तीन अलग-अलग ट्रांजेक्शन में 5-5 लाख निकाल लिए गए। कुल मिलाकर छह बार में लगभग 25 लाख की रकम खाते से साफ कर दी गई।

### पुलिस ने शुरू की जांच

साइबर क्राइम थाना के एसएचओ कुलदीप सिंह ने बताया कि रिटायर्ड बैंक कर्मचारी से धोखाधड़ी की शिकायत मिलने के बाद मामला दर्ज कर लिया गया है। खातों से निकाली गई रकम और संदिग्ध ट्रांजेक्शन की जांच की जा रही है। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास जारी है और जल्द ही उन्हें पकड़ने की उम्मीद है।



# सर्राफा से रंगदारी मामले में व्यापारी संगठनों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन



*सुरक्षा बढ़ाने, केस दर्ज करने व बाजारों में गश्त और सीसीटीवी की मांग तेज*

**रोहतक।** रेलवे रोड स्थित एक सर्राफा व्यापारी और रोहतक ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमंत बख्शी से 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आने के बाद व्यापारी वर्ग में रोष बढ़ गया है। घटना के विरोध में विभिन्न व्यापारी संगठनों ने एकजुट होकर पुलिस अधीक्षक (एसपी) से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई व सुरक्षा बढ़ाने की मांग की। व्यापारियों का कहना है कि रंगदारी की धमकियों से बाजारों में भय का माहौल बन गया है और कई व्यापारी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

**विदेशी नंबर से धमकी:** व्यापारी नेताओं के अनुसार हेमंत बख्शी को पहले विदेशी नंबर से व्हाट्सऐप कॉल के माध्यम से रंगदारी की धमकी दी गई। इसके अगले दिन तीन युवक स्कूटी पर सवार होकर उनके शोरूम पहुंचे और कथित रूप से धमकी देकर चले गए। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई, लेकिन व्यापारियों का आरोप है कि अब तक मामले में केस दर्ज नहीं किया गया। इस स्थिति से व्यापारी वर्ग में असंतोष है और उन्होंने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**कई को मिलीं धमकियां:** व्यापारी नेता सतीश ने बताया कि करीब 25 व्यापारियों को धमकियां मिल चुकी हैं। कुछ व्यापारी डर के कारण चुप हो गए, जबकि कुछ लोग सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आए। हेमंत बख्शी के मामले के सामने आने के बाद व्यापारी संगठनों ने बैठक कर प्रशासन से मिलने का फैसला किया।

- व्यापारी संगठनों ने शहर के 46 बाजारों में सीसीटीवी लगाने की मांग की, जिस पर पुलिस अधिकारियों ने सकारात्मक रुख दिखाया।
- हरियाणा व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष विजय लक्ष्मी चंद गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों ने एसपी से मुलाकात कर विस्तृत ज्ञापन सौंपा।
- पुलिस प्रशासन ने व्यापारियों को आश्वासन दिया है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाएगी।

### तालाब के पास झाड़ियों में मिला शव

# नशे में गिरने से मौत की आशंका शरीर पर नहीं मिले चोट के निशान

**रोहतक।** शहर के रैनकपुरा क्षेत्र में सोमवार सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान राहुल उर्फ रोहित (29) पुत्र सतपाल, निवासी काहनी (हाल किरायेदार खोखरा कोट रैनकपुरा) के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही थाना शहर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। वहीं, एफएसएल की टीम इंचार्ज डॉ. सरोज दहिया ने साक्ष्य जुटाए। साथ ही डीएसपी राकेश कुमार भी मौके पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार सुबह लोगों ने रैनकपुरा तालाब के पास झाड़ियों में युवक को अचेत अवस्था में पड़ा देखा। पास जाकर देखने पर युवक की मौत हो चुकी थी, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और प्रारंभिक जांच की। बताया जा रहा है कि मृतक को शराब पीने की आदत थी। शुरुआती जांच में शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस को आशंका है कि अधिक नशा होने के कारण गिरने से उसकी मौत हुई हो सकती है। हालांकि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। थाना शहर पुलिस ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## विदेशों में भारतीय डेंटल सर्जनों को मिलेगी प्राथमिकताः डॉ. संजय तिवारी

**रोहतक।** केंद्र सरकार ने मुझे जो यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरने का मेरा अथक प्रयास रहेगा। मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी की देश के सभी डेंटल कालेजों में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करवाना। यदि हमारी शिक्षा उच्च स्तर की होगी तो विदेशों मे भी भारतीय डेंटल चिकित्सकों को पहली प्राथमिकता मिलेगी और हमारे देश का नाम पूरे विश्व में चमकेगा। यह कहना है पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल सांईसेज की प्राचार्य और राष्ट्रीय दंत आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. संजय तिवारी का।



राष्ट्रीय दंत आयोग अध्यक्ष नियुक्त हुए हैं डॉ संजय तिवारी

**इनको दिया श्रेय:** डॉ. संजय तिवारी ने कहा कि वें इस नियुक्ति का श्रेय सीएम नायब स्वास्थ्य मंत्री आरती राव, कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल व विद्यार्थियों को देते हैं, जिन्होंने उन्हें प्राचार्य के पद पर कार्य करने का अवसर प्रदान किया। कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने डॉ. तिवारी को बधाई देते हुए कहा कि यह नियुक्ति उनके लंबे प्रशासनिक अनुभव, अकादमिक योगदान और दंत चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं को देखते हुए की गई है। डॉ. तिवारी की नियुक्ति से दंत चिकित्सा क्षेत्र में सकारात्मक सुधारों की उम्मीद की जा रही है।

## डिप्लोमा छात्र सहित तीन युवक फायरिंग मामले में गिरफ्तार

**रोहतक।** गांव खिड़वाली में शनिवार रात परचून की दुकान पर हुई फायरिंग की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में से एक युवक 12वीं पास करने के बाद डिप्लोमा की पढ़ाई कर रहा है और फाइनल ईयर का छात्र है। पुलिस ने सीआईए-2 टीम को विशेष जांच के लिए लगाया था। टीम ने तकनीकी और स्थानीय स्तर पर जानकारी जुटाकर तीनों आरोपियों को गांव से पकड़ लिया।



जांच में सामने आया है कि फायरिंग की घटना के पीछे रंजिश मुख्य कारण रही। घायल नवीन उर्फ भंडर का गांव के ही कुछ युवकों के साथ लंबे समय से विवाद चल रहा था। घटना वाली रात परचून की दुकान पर विवाद के दौरान आरोपियों ने फायरिंग कर दी, जिसमें एक गोली नवीन के सिर को छूते निकल गई। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत स्थिर है। एएसपी वाई वीआर शशि शेखर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में गौरव नामक युवक डिप्लोमा का छात्र है। आरोपियों की पहचान गांव खिड़वाली निवासी दीपक उर्फ कमांडो, गौरव और रीतिक के रूप में हुई है।

## डीएलसी सुपवा में अभिनेता ने अनुभव साझा किए

# पागलपन के बिना प्रतिभा नहीं निखरती, मेहनत व सकारात्मक नजरिया बनाता है स्टार : संग्राम सिंह

**सोना, जागना, उठना, बैठना ऊपर-नीचे हो सकता है, लेकिन उद्देश्य नहीं**

रोहित डागर ▶▶ रोहतक

हरियाणा के लिए यह एक ऐतिहासिक अवसर है नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) का पहली बार हरियाणा में कार्यक्रम होना गौरव की बात है। एनएसडी जाने से कोई स्टार नहीं बनता। स्टार बनने के लिए किस्मत, कड़ी मेहनत और सकारात्मक दृष्टिकोण की जरूरत होती है। कलाकार के अंदर थोड़े 'पागलपन' का होना जरूरी है, चाहे खेल हो या अभिनय। बिना जुनून के प्रतिभा नहीं निखरती। मेहनत और पागलपन ही व्यक्ति को स्टार बनाता हैं। ऐसा कहना है मशहूर पहलवान और अभिनेता संग्राम सिंह का। उन्होंने सोमवार को डीएलसी सुपवा रोहतक में आयोजित भारंगम व सारंग कार्यक्रम में अपने अनुभव साझा किए।

### जीवन यात्रा पर प्रकाश डाला

संग्राम सिंह ने अपनी जीवन यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने बीमार होने के बावजूद अखाड़े से शुरुआत की और धीरे-धीरे आगे बढ़े। अगर आप दिल से कोई भी काम करते हैं तो आप सीख सकते हैं। उन्होंने कहा मेरी जिंदगी में बड़ा मोड़ तब आया जब मेरी मुलाकात श्याम बेनीगल से हुई। तीन साल उनके साथ काम करके मुझे समझ आया कि असली सिनेमा क्या है। अगर आप अपने काम के प्रति पागल नहीं है तो कुछ सीख नहीं सकते हैं। जल्द उनकी दो फिल्में भी आने वाली हैं।



### शॉर्टकट से नहीं, अनुशासन से बनते हैं खिलाड़ी

युवा खिलाड़ियों को संदेश देते हुए कहा कि डोपिंग से कोई खिलाड़ी बड़ा नहीं बनता। खिलाड़ी मेहनत व अनुशासन से बड़ा बनता है। जो डोप कर रहे है मैं उनको संदेश देना चाहता हूं शॉर्टकट के चक्कर में लंबी चीजे खो रहे हो। जो फिर आपको जिंदगी में नसीब नहीं होगी। आप डोप नहीं कर रहे हैं और छोटी चीजे हासिल नहीं कर पा रहे हैं कोई बात नहीं। लंबी चीज आपका इंतजार कर रही है।

### फेल होना है, तो उसी काम में हों जिसे पसंद करते हो

संग्राम ने कहा कि सुविधाओं और पैसों के अभाव में वह ओलंपिक पदक नहीं जीत सके। हार मानने के बजाय उन्होंने मिक्स मार्शल आर्ट्स (एमएमए) को चुना। अगर फेल भी होना है, तो उस काम में फेल हो जिसे आप पसंद करते हो। आज 95 प्रतिशत लोग वह काम कर रहे हैं जो वे करना नहीं चाहते। एमएमए में जीतना व हारना बड़ा नहीं है।

**एमएमए फाइट की तारीख तय नहीं :** भविष्य में होने वाली एमएमए फाइट के बारे में संग्राम सिंह ने बताया कि अभी मेरी फाइट की तिथि तय नहीं हुई हैं। मैं हर रोज सुबह व शाम अभ्यास करता हूं। इनवेस्टमेंट करनी हो तो अपने ऊपर करो व लाइफ को बेलेंस बना कर रखो। लाइफ में सोना, जागना, उठना व बैठना ऊपर व नीचे हो सकता है, लेकिन आपका उद्देश्य ऊपर नीचे नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि जब तक दिमाक में उद्देश्य नहीं होता है तो दिमाक भी उस हिसाब से काम नहीं करता हैं। मैं मानसिक रूप से तैयार रहता हूं।

## खबर संक्षेप

### नशे के खिलाफ अदालत में करें ठोस पैरवी: डीसी

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने चिन्हित अपराधों से संबंधित सभी मामलों में अदालत में मजबूत पैरवी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। ताकि नशे के अवैध धंधे में संलिप्त आरोपियों को सख्त सजा दिलाई जा सके। डीसी सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भोरिया के साथ चिन्हित अपराध एवं एन-कोर्ड की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। कहा कि चिन्हित अपराधों के अंतर्गत दर्ज मामलों में यदि ठोस साक्ष्यों के साथ प्रभावी पैरवी की जाए, तो नशे के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों को कानून के अनुसार सजा दिलाना संभव है। जिले में चिन्हित अपराध के 59 मामले दर्ज हैं, जिनमें अदालत में पैरवी की जा रही है। स्पष्ट किया कि जिले में अवैध रूप से नशे की बिक्री किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ड्रग कंट्रोलर द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत करते बताया केमिस्ट दुकानों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है।

### प्रिंट मीडिया प्रासंगिक था और रहेगा: डॉ. सुमित



**रोहतक।** प्रिंट मीडिया प्रासंगिक था, है और रहेगा। प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता आज भी जन-मानस में अधिक है। जरुरत है कि प्रिंट मीडिया में करियर बनाने के लिए भाषायी कौशल विकसित किया जाए, मीडिया तकनीक-टूल्स में महारत हासिल की जाए तथा कौतूहल बोध विकसित किया जाए। सोमवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में डॉ. सुमित सिंह श्योराण ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए ये उद्गार व्यक्त किये। डॉ. सुमित कुमार सिंह श्योराण ने प्रिंट मीडिया में करियर अवसर तथा प्रिंट मीडिया की वर्तमान स्थिति भविष्य के रुझान एवं चुनौतियों पर विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि इस पेशे के लिए जुनून होना चाहिए।

## पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड

### जिले के जवानों ने लाठीचार्ज और दंगा रोकने के उपायों का किया अभ्यास

**रोहतक।** पुलिस लाइन में सोमवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारी, पुलिस कार्यालय के अधिकारी और विभिन्न इकाइयों में तैनात जवानों ने भाग लिया। पुलिस अधिकारियों ने जवानों की अनुशासन, फिटनेस और कार्यकुशलता का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परेड के साथ-साथ कानून व्यवस्था की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए लॉ एंड ऑर्डर कंपनी को विशेष अभ्यास भी कराया गया। इस अभ्यास में जवानों को दंगा नियंत्रण से संबंधित आधुनिक तकनीकों और उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी गई।



**रोहतक।** परेड में अभ्यास करते पुलिस अधिकारी व जवान।

## बेटियां शिक्षा के प्रति जागरूक हों



**रोहतक।** कार्यक्रम में मौजूद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. तरुणम खान, प्राचार्या सरोज बहमनी व विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

### महिलाएं देश को उज्जवल बनाने में निभाती हैं महत्वपूर्ण भूमिका : खान

**रोहतक।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. तरन्नुम खान द्वारा सोमवार को गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल लाढ़ौत में ब्रेकथ्रू संस्था एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से स्कूल छोड़ चुकी बालिकाओं को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉ. खान ने कहा कि महिलाएं देश को उज्जवल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, इसलिए उनकी शिक्षा के प्रति समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक होना आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को शिक्षा के लिए प्रेरित करें तथा उनका विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करें, क्योंकि शिक्षित व्यक्ति ही शिक्षित समाज का निर्माण कर सकता है।

## बाल विवाह मुक्ति रथ को दिखाई झंडी

### बाल विवाह मुक्त समाज बनाना हम सब का दायित्व : बी बी बतरा

**रोहतक।** हम सब का दायित्व बनता है बाल विवाह मुक्त समाज बने। साथ ही बच्चों के अधिकारों की रक्षा हो और उन्हें पोष्टिक आहार भी मिले। उनका भविष्य अच्छा हो और वे आगे बढ़ें। यह राष्ट्र निर्माण के लिए बहुत जरूरी है। ये बात स्थानीय विधायक बी बी बतरा ने सोमवार को अपने कार्यालय के बाहर बाल विवाह मुक्ति रथ को अपना समर्थन देते हुए कहे। उन्होंने यह भी कहा कि बाल विवाह के खिलाफ एमडीडी ऑफ इण्डिया संस्था का यह अभियान सराहनीय है। इसके साथ-साथ उन्होंने बाल विवाह मुक्ति रथ पर अपने हस्ताक्षर कर इस मुहिम को अपना समर्थन भी दिया।



**रोहतक।** बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाते विधायक।

## प्राथमिकता के आधार पर करें समाधान




**रोहतक।** आमजन की शिकायतें सुनते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

### जन शिकायतें सुनते समय सकारात्मक दृष्टिकोण रखें अधिकारी : उपायुक्त

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा है कि जिला व उपमंडल स्तर पर सोमवार व गुरुवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक नियमित रूप से समाधान शिविर का आयोजन कर आमजन की प्रत्येक समस्या का समाधान किया जा रहा है। सोमवार को डीसी गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनी। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए कि कि आमजन की शिकायतों के आधार पर तत्काल एक्शन हो। डीसी ने बताया कि जन समस्याओं का समाधान कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। समाधान शिविरों का उद्देश्य ही जनता की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निवारण करवाना है।

## विधायक आदर्श नगर एंव ग्राम योजना के तहत राशि मंजूर

# दो करोड़ से होगा सामुदायिक भवनों वार्डों, पार्कों और बाजारों का विकास

*विधायक बतरा बोले प्रत्येक क्षेत्र में समान रूप से विकास पहुंचाना लक्ष्य*

**बीबी बतरा बोले : घोषणाओं से नहीं, धरातल पर काम करवाने से जनता का विश्वास होता है मजबूत**

**रोहतक।** रोहतक विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई रफ्तार देते हुए विधायक भारत भूषण बतरा की अनुशंसा पर विधायक आदर्श नगर एवं ग्राम योजना वर्ष 2025–26 के अंतर्गत शहर को 2 करोड़ 03 लाख रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात मिली है। इन परियोजनाओं से रोहतक के वार्डों, पार्कों, सामुदायिक भवनों, बाजारों और सामाजिक संस्थाओं में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। विधायक बतरा ने कहा कि रोहतक के प्रत्येक क्षेत्र में समान रूप से विकास पहुंचाना उनका लक्ष्य है। कहा कि घोषणाओं से नहीं, बल्कि धरातल पर काम करवाने से ही जनता का विश्वास मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि वे विकास कार्यों में पारदर्शिता रखते है इसलिए हर क्षेत्र को प्राथमिकता दी गई है। विधायक बतरा ने कहा, "रोहतक मेरा परिवार है, हम विपक्ष में हैं लेकिन मजबूत विपक्ष में है ,और अपने शहर के लिए यथासंभव लड़ाई में लड़ रहा हूं। बतरा ने कहा उनका प्रयास है कि हर कार्य गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ कराया जाए ताकि शहर को एक आधुनिक पहचान मिल सके।

### 153.26 करोड़ रुपये के इन कार्यों को मिली हैं मंजूरी, जल्द शुरू होगा काम

**राशि : 59.57 लाख**
दुर्गा कॉलोनी, वार्ड-14 में गलियों का सीसी निर्माण, मेडिकल हॉल से पुराने जेल रोड तक सड़क निर्माण और शिव मंदिर वाली गली (गौतम डेंटल क्लीनिक से ज्योति प्रकाश सीनियर सेकेंडरी स्कूल तक)में लाइटिंग कार्य होंगे।

**राशि – 7.46 लाख**
इसी वार्ड में रोड दुर्गा कॉलोनी हेयर ड्रेसर की दुकान से लेकर मयंक के मकान तक गली का पेच वर्क करवाया जाएगा।

**राशि – 15.26 लाख**
पटेल नगर, वार्ड-15 स्थित सामुदायिक केंद्र में मरम्मत, पेंट, महिला-पुरुष शौचालय, पार्किंग और आधुनिक लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी।

**राशि : 19.06 लाख**
जनता कॉलोनी के जागरण पार्क का सौंदर्यकरण होगा, जिसमें ट्रैक निर्माण ,चारदीवारी पर टायल, पार्क में टॉयलेट एवं बाथरूम का निर्माण, फव्वारे, सबमर्सिबल और पार्क में आरओ सिस्टम लगेगा।

**राशि : 20 लाख व 7 लाख**
व्यापारी वर्ग और यहां आने वाले उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए शोरी क्लॉथ मार्केट(वार्ड-17 )में दो स्थानों पर शौचालय/टॉयलेट का पुनर्निर्माण होगा। यह टॉयलेट सुरेश कुमार सुशील कुमार के सामने और पल्लवी साड़ी भंडार के सामने स्थित है।

**राशि :24.91 लाख**
मॉडल टाउन, वार्ड-14 स्थित सामुदायिक केंद्र का पुनर्निर्माण व मरम्मत की जाएगी।

### विवेकाधीन ग्रांट से 50 लाख रुपये के कामों को भी मिली मंजूरी

**राशि : 11 लाख**
प्रादेशिक सनातन धर्म सभा ट्रस्ट, पालिका कॉलोनी भिवानी रोड रोहतक में धर्मशाला निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा।

**राशि : 21 लाख**
सर्विस क्लब रोहतक को खेल व सामाजिक गतिविधियों के लिए अनुदान को मंजूरी।

**राशि : 3 लाख**
भरत सिंह राठी मेमोरियल धर्मार्थ ट्रस्ट में 5 किलोवाट तक का सोलर पैनल लगेगा ।

**राशि :3 लाख**
तिलक नगर वेलफेयर सोसायटी में 5 किलोवाट तक सोलर पैनल।

**राशि 5 लाख**
एकता कॉलोनी सामुदायिक केंद्र कुमाऊं सभा में बाथरूम में प्लास्टर, टाइल, अगली वे पिछली सीडीओ पर स्टील की रेलिंग, मरम्मत कार्य एवं मोमटी का गेट निर्माण।

**राशि 2 लाख**
लायंस क्लब रोहतक को सामाजिक कार्यों हेतु अनुदान।

**राशि 5 लाख**
पुराना बस स्टैंड कच्चा बेरी रोड स्थित स्थित रोहतक सिटी वेलफेयर सोसायटी के तहत संचालित कम्युनिटी सेंटर में ड्रेनेज, शौचालय मरम्मत, टाइल व खिड़कियां बदलने का कार्य।

## सतीश दास ने पुलिस में दी शिकायत

### महंत से फिरौती की रकम लेने मंदिर पहुंचे युवक को ग्रामीणों ने किया काबू



*साथ आए दो युवकों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

सतगुरु मंदिर सैमाण के महंत सतीश दास से फिरौती मांगने की वारदात सामने आई है। इस संबंध में सतीश दास ने महम थाने में एक शिकायत दी है। महंत सतीश दास का कहना है कि गांव के ही एक युवक ने पहले तो उससे फोन पर फिरौती मांगी। उसके बाद कहा कि फोन पर रकम बतानी ठीक नहीं है। वे खुद आकर मंदिर में बताते हैं और वहीं आमने सामने बैठकर रकम तय कर लेंगे। सुबह युवक अपने अन्य दो तीन अन्य साथियों के साथ मंदिर में पहुंचता है और पैसे की मांग की जाती है। लेकिन यह नहीं बताया जाता कि पैसे कितने चाहिएं। लेकिन उन्होंने स्पष्ट कहा कि आपसी सहमती से मामला निपटा दिया जाए। फिफ्टी फिफ्टी किए जाने की बात कही।

#### मंदिर में पहुंचकर फिरौती मांगी, हाथापाई भी की

महंत सतीश दास का कहना है कि सीधे तौर पर मंदिर में पहुंचकर फिरौती मांगी गई है और उसके साथ हाथापाई भी की गई है। जिसने युवक ने फोन किया था उसने अपना नाम दीपा सैमाण बताया था। वह उसको शक्ल से नहीं पहचानता था। लेकिन सुबह वह खुद ही मंदिर में पहुंच गया। इस युवक का आपराधिक रिकॉर्ड है। उसके बाद ग्रामीणों ने एक युवक को काबू कर लिया। मौके पर पुलिस बुलाई गई और उसको पुलिस को सौंप दिया गया। जबकि अन्य युवक भागने में कामयाब हो गए। बाद में पुलिस ने अन्य दो युवकों को भी हिरासत में लिया और उनसे पूछताछ की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि लगता है कि मामला पंचायत स्तर पर ही निपटा जा सकता है। महम थाना प्रभारी सुभाष ने बताया कि शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com

# हरिभूमि सहेली

वैलेंटाइन-डे विशेष



वैलेंटाइन-डे पर जब प्रेम की बात होती है, तो इसके मायने प्राय: रोमांस तक सीमित रह जाते हैं। जबकि प्रेम के बहुत व्यापक अर्थ हैं, रुमानी जज्बातों से बहुत ऊपर। विशेष तौर पर स्त्री के लिए प्रेम के मायने बहुत उदात्त हैं। इसमें स्त्री का अवदान अमूल्य है, अनुपम है। स्त्री के संदर्भ में प्रेम के मायने शाश्वत हैं।

## स्त्री के लिए प्रेम के मायने

आवरण कथा



कल्पना मनोरमा, साहित्यकार

जब प्रेम, शब्दों से पहले व्यवहार बन जाए, जब वह कहने से ज्यादा करने में दिखे, तब वहां स्त्री मन उपस्थित होता है। स्त्री का प्रेम कोई क्षणिक भाव नहीं होता, वह एक निरंतर चलने वाली कोमल प्रक्रिया है, जिसमें धैर्य, समर्पण, समझ और सहनशीलता एक साथ ध्वनित होती है। स्त्री मन प्रेम को मां की ममता में जीता है, पत्नी की जिम्मेदारी निभाता है और बहू के रूप में संतुलन बनाकर चलता है। स्त्री का प्रेम केवल पाने की इच्छा नहीं रखता, बल्कि देने की क्षमता से भरा होता है। वह प्रेम को शर्तों में नहीं बांधती, बल्कि परिस्थितियों के साथ ढाल लेती है। एक स्त्री जब प्रेम करती है, तो वह सामने वाले के स्वभाव को समझने का प्रयास करती है। वह उसकी चुप्पी भी पढ़ लेती है, उसके गुस्से के पीछे की वजह को पहचान लेती है। स्त्री मन का प्रेम केवल भावनात्मक नहीं होता, वह व्यावहारिक भी होता है। वह जानती है कि कब बोलना है, कब चुप रह जाना ही प्रेम को बचा सकता है।

**प्रेम में त्याग करती है स्त्री:** घर के भीतर हो या काम-काज में, स्त्री का प्रेम सबसे अधिक दिखाई देता है। सुबह की पहली चिंता से लेकर रात की आखिरी तैयारी तक, प्रत्येक काम में उसका प्रेम घुला-मिला होता है। वह भोजन बनाते समय यह सोचती है कि किसे क्या पसंद है, किसे क्या नहीं? वह बीमार सदस्य की नींद का ख्याल रखती है। बच्चों के डर को अपनी हिम्मत से निडर बनाने का प्रयत्न करती है। स्त्री मन का प्रेम त्याग से जुड़ा होता है फिर भी त्याग बोझ नहीं बनता। स्त्री इसे अपने अस्तित्व का हिस्सा बना लेती है।



**प्रेम को सहज बनाती है स्त्री:** कई बार स्त्री अपनी इच्छाओं को पीछे रख देती है, क्योंकि उसके लिए प्रियजनों की खुशी अधिक महत्वपूर्ण होती है। वह यह नहीं जताती कि उसने क्या छोड़ा, क्योंकि उसका प्रेम दिखावे का नहीं होता। समाज अकसर स्त्री के प्रेम को उसका कर्तव्य कहकर सीमित कर देता है। लेकिन सच्चाई यह है कि स्त्री प्रेम को चुनती है। वह हर दिन दूसरे की खुशी चुनती है, समझना, सहना, संभालना और जीवन में प्रवाहित रहना। यह चयन आसान नहीं होता, फिर भी स्त्री इसे सहज बना लेती है।

**स्त्री का प्रेम रिश्तों को जोड़ता है:** स्त्री मन का प्रेम रिश्तों को जोड़ने का काम भी करता है। टूटते संवाद, बिगड़ते संबंध, अनकहे मतभेद, इन सबके बीच वह सेतु बनती है। वह जानती है कि हर रिश्ते में जीतना जरूरी नहीं, कई बार रिश्तों को निभाना ज्यादा जरूरी होता है।

**स्त्री देती है प्रेम को नया अर्थ:** प्रेम में स्त्री की सबसे बड़ी विशेषता उसकी संवेदनशीलता है। वह भावनाओं को हल्के में नहीं लेती। किसी के शब्दों का असर, किसी की चुप्पी का कारण, वह सब महसूस करती है। यही संवेदनशीलता उसे मजबूत बनाती है, कमजोर नहीं। हालांकि स्त्री मन का प्रेम अकसर परीक्षा में डाला जाता है। उससे अपेक्षा की जाती है कि वह हर हाल में समझे, हर परिस्थिति में समायोजन करे। उसकी सहनशीलता को उसकी सीमा समझ लिया जाता है, लेकिन स्त्री का प्रेम असीम नहीं होता। उसे भी सम्मान, अपनापन और समझ की आवश्यकता होती है। जब स्त्री मन को प्रेम के बदले प्रेम मिलता है, तो वह और निखर जाता है। जब उसकी भावनाओं को सुना जाता है, उसकी थकान को पहचाना जाता है, तो वह और अधिक देने में सक्षम होती है। स्त्री का प्रेम तब खिलता है, जब उसे केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक इंसान के रूप में देखा जाता है। मां के रूप में स्त्री, प्रेम को सुरक्षा में बदल देती है।

## आप भी जरूर मनाएं प्रेम का यह उत्सव

अधिकांश मैरीड कपल्स मानते हैं कि वैलेंटाइन-डे का क्रेज शादी से पहले तक ही रहता है। जबकि आपसी जुड़ाव में प्रगाढ़ता लाने के लिए प्रेम का यह उत्सव हर दंपति को भी जरूर मनाना चाहिए।

दांपत्य

पूर्ति खरे



फरवरी माह की 14 तारीख यानी वैलेंटाइन-डे केवल लविंग कपल्स के लिए ही नहीं, पति-पत्नी के लिए भी किसी पर्व से कम नहीं है। वास्तव में पति-पत्नी का रिश्ता गहरा, मजबूत और जीवन भर का बंधन होता है, जो प्रेम, विश्वास और आपसी समझ पर ही आधारित होता है। यह रिश्ता न केवल दो लोगों को जोड़ता है, बल्कि दो परिवारों को भी एक साथ लाता है। इसलिए इस खास दिन आप अपने प्यार और विश्वास को एक-दूसरे के प्रति व्यक्त कर सकते हैं। इसके लिए आप कुछ तरीके अपना सकते हैं।

**रोमांटिक डिनर:** पति-पत्नी इस अवसर पर एक साथ रोमांटिक डिनर का आनंद ले सकते हैं। आप अपने पसंदीदा रेस्टोरेंट में जा सकते हैं या घर पर ही रोमांटिक डिनर अरेंज कर सकते हैं।



**लवली ट्रिप:** वैलेंटाइन-डे को स्पेशल बनाने के लिए कहीं बाहर ऐसी जगह घूमने जा सकते हैं, जहां बस आप दोनों हों। इसके लिए किसी सुंदर नेचुरल प्लेस को चुनें, जैसे कि समुद्र तट, हिल स्टेशन या नेशनल पार्क या ऐसी ही कोई जगह। रोजमर्रा की जिम्मेदारियों से दूर एक-दूजे के साथ बिताया गया यह समय न केवल प्यारा अहसास देगा, आपके लिए हमेशा के लिए यादगार बन जाएगा।

**मूवी नाइट:** पति-पत्नी प्यार के इस खास अवसर पर एक साथ मूवी नाइट का आनंद ले सकते हैं। आप अपनी कोई पसंदीदा मूवी अपने लाइफ पार्टनर के साथ देख सकते हैं। साथ में बैठकर पॉपकॉर्न का आनंद लेते हुए फिल्म देखना आपको बहुत खुशी देगा।

## खबर संक्षेप



### कुलपति ने किया शोध पद्धति कार्यशाला का शुभारंभ

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि सशक्त शोध संस्कृति ही किसी विश्वविद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता की ओर ले जाती है। उन्होंने कहा कि आज के समय में शोधार्थियों को केवल विषयवस्तु तक सीमित न रहकर अनुसंधान की वैज्ञानिक पद्धतियों, नैतिक मूल्यों और सामाजिक दायित्वों को भी आत्मसात करना आवश्यक है। कुलपति प्रो राजबीर सिंह ने सोमवार को स्वराज सदन में सात दिवसीय शोध पद्धति कार्यशाला का शुभारंभ किया।

### विकल्प पब्लिक हाई स्कूल में हुआ ट्विनिंग प्रोग्राम

**रोहतक।** विकल्प पब्लिक हाई स्कूल में सोमवार 9 फरवरी को एक प्रेरणादायक पहल के तहत सरकारी विद्यालय जी.एम.एस. सेक्टर-5 के साथ ट्विनिंग प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर दोनों स्कूलों के विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### बेंगलुर में हुई अंडर-19 स्कूल नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप

# नेशनल बॉक्सिंग में रोहतक के अंशु दहिया ने जीता स्वर्ण पदक



रोहतक। अंशु दहिया। *फोटो : हरिभूमि*

- क्वार्टर फाइनल में केरल, सेमीफाइनल में गुजरात और फाइनल मुकाबले में तेलगांना के बॉक्सर को हराकर जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

अंडर-19 स्कूल नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रोहतक के अंशु दहिया ने शानदार प्रदर्शन किया। इसमें अंशु ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। यह प्रतियोगिता बेंगलुरु में आयोजित की गई। अंशु की जीत से उनके परिवार में खुशी का माहौल है।

अंशु आर्यन्स बॉक्सिंग स्पोर्ट्स क्लब सुनारिया में कोच संजीव के पास अभ्यास करता है। कोच संजीव ने विजेता खिलाड़ी को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी अंशु ने शानदार प्रदर्शन करके जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। अंशु की अध्यापक सुषमा लोहचब ने बताया कि अंशु ने क्वार्टर फाइनल में केरल के बॉक्सर को हराया। सेमीफाइनल में गुजरात के खिलाड़ी को हराया। फाइनल मुकाबले में तेलगांना के बॉक्सर को हराकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने भी विजेता खिलाड़ी का हौसला बढ़ाया।

### रोहतक रनर्स ग्रुप की बिमला बनवाला ने अलवर हाफ मैराथन में जीता तीसरा स्थान



**रोहतक।** रोहतक रनर्स ग्रुप की धावक बिमला बनवाला ने अलवर में आयोजित विश्व स्तरीय हाफ मैराथन (21.1 किलोमीटर) में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने आयु वर्ग 50-59 में तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने दौड़ को 1 घंटा 54 मिनट 27 सेकंड में पूरा कर 20 हजार रुपये का पुरस्कार जीता। इस उपलब्धि से रोहतक रनर्स ग्रुप और क्षेत्र का नाम रोशन हुआ। इस मैराथन में देश-विदेश से करीब 19 हजार धावकों ने भाग लिया। आरआरजी के अन्य धावकों चंद्रपाल बनवाला, पवन डागर, ईश्वर सरपंच और सुरेश कुमार का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। इसी दिन आयोजित भिवानी मैराथन में भी आरआरजी के धावकों जितेंद्र, अशोक राणा, रमेश श्योरान, बलराज तोमर, रमेश हुड्डा और परवीन जांगड़ा ने बेहतरीन प्रदर्शन कर समूह का गौरव बढ़ाया। वहीं रोहतक में कैंसर जागरूकता के लिए आयोजित साइक्लोथॉन में आरआरजी के अशोक यादव, राजेश पायलट और अरविंद पाल दहिया ने भाग लेकर सामाजिक संदेश देने का कार्य किया। लगातार विभिन्न प्रतियोगिताओं और सामाजिक कार्यक्रमों में भागीदारी से रोहतक रनर्स ग्रुप क्षेत्र में फिटनेस और जागरूकता का प्रेरक उदाहरण बन रहा है।

### किकबॉक्सिंग में तनीषा और आशु ने जीते स्वर्ण पदक



**रोहतक।** पांचवें इंडियन ओपन इंटरनेशनल किकबॉक्सिंग कप का आयोजन गत 4से 8 फरवरी तक दिल्ली में किया गया। इसमें इसमें 16 देशों ने भाग लिया। जिसमें रोहतक के 3 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम दिया। तनीषा कादयान ने 65 किलो भार वर्ग में महाराष्ट्र रीना को (3-0) हराकर के स्वर्ण पदक, आशु ने 52 में छत्तीसगढ़ की स्वाति को (3-0) हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। रोहतक डिस्ट्रिक्ट किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव दीपक सिवाच व कोच सुधीर जून और रितेश गुलिया ने विजेताओं को बधाई दी हैं।



# पठानिया पब्लिक स्कूल में '20वां रेनबो फेस्ट'

- प्री-नर्सरी से कक्षा 6 तक के 300 से अधिक विद्यार्थियों के साथ माता-पिता व दादा-दादी, नाना-नानी ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

पठानिया पब्लिक स्कूल के विशाल ऑडिटोरियम में '20वां रेनबो फेस्टः ग्रैंडपेरेंट्स एवं पेरेंट्स शो' बड़े उत्साह और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्री-नर्सरी से कक्षा 6 तक के 300 से अधिक विद्यार्थियों के साथ उनके माता-पिता और दादा-दादी/नाना-नानी ने भाग लिया। रंगारंग प्रस्तुतियों और पारिवारिक सहभागिता ने आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों और अभिभावकों की आकर्षक प्रस्तुतियों से हुई। एलीगेंस ऑन स्टेज, ग्रेस एंड ग्लैमर और टूगेदर इन स्टाइल जैसे सेगमेंट्स में प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों की ऊर्जा और अभिभावकों के उत्साह ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन में परिवारों और बच्चों के लिए 20 से अधिक गेम स्टॉल्स लगाए गए, जिनमें बर्स्ट द बैलून, रिंग द आर्टिकल, फीड द क्लाउन, मेक द पिरामिड, लॉक एंड की, एयर हॉकी, डार्ट गेम, फेस पेंटिंग, हैंडीक्राफ्ट, फोन कवर डेकोर और कैमल व हॉर्स राइडिंग विशेष आकर्षण रहे। निर्णायक मंडल में नेहा टूटेजा, डॉ. देविना बधवार, डॉली सतीजा, आरती वत्स, किरन कुंडू सहित कई गणमान्य लोगों ने अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम का खास आकर्षण 14 डिजिटल लक्की ड्रॉ रहे, जिनमें माइक्रोवेव ओवन, स्मार्ट वॉच, एयर फ्रायर और ट्रॉली बैग जैसे पुरस्कार दिए गए। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ परिवार और स्कूल के संबंधों को मजबूत बनाना है। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों को सम्मानित करने और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर को-फाउंडर वर्षा पठानिया, निदेशक अंशुल पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### आर्य स्कूल मदीना की छात्रवृत्ति परीक्षा में 200 विद्यार्थियों ने लिया भाग

**महम।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मदीना में विद्यार्थियों की शैक्षणिक उन्नति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में विभिन्न विद्यालयों के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। जिससे प्रतिभाशाली एवं मेधावी विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन मिल सके। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करने के साथ-साथ आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक होते हैं। कक्षा 1 से कक्षा 7 तक के विद्यार्थियों की आगामी वार्षिक परीक्षा को ध्यान में रखते हुए अभिभावक-अध्यापक बैठक का आयोजन भी किया गया। बैठक के दौरान अध्यापकों ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन एवं सर्वांगीण विकास पर अभिभावकों से विस्तृत चर्चा की तथा बेहतर परिणाम प्राप्त करने हेतु आवश्यक सुझाव दिए। इसके अतिरिक्त विद्यालय की अनुभवी कोचिंग टीम द्वारा भविष्य में होने वाली विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, सही मार्गदर्शन एवं रणनीति को लेकर अभिभावकों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।



## पीएमश्री स्कूलों में खेलों के लिए 22 लाख रुपये का बजट जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

पीएमश्री राजकीय विद्यालयों के लिए खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से प्रदेश के सभी 250 पीएमश्री विद्यालयों के लिए 22 लाख रुपये की राशि जारी की गई है। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के लिए दो वर्गों में आठ स्पर्धाएं होंगी।

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से प्रोजेक्ट इनोवेशन (आवर्ती) (स्टेट स्पेसिफिक) खेल एवं शारीरिक शिक्षा के तहत जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता करवाई जाएंगी। प्रतियोगिताओं में प्रदेश के सभी पीएमश्री विद्यालयों के कक्षा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थी (लड़के और लड़कियां) हिस्सा लेंगी। एक दिवसीय प्रतियोगिता के लिए मुख्यालय से प्रत्येक जिले से एक लाख की राशी जारी की गई हैं।

**प्रत्येक विद्यालय से 44 बच्चे लेंगे भाग**

जिला सह परियोजना समन्वयक मनोज कुमार ने बताया कि जिलास्तर पर प्रत्येक पीएमश्री विद्यालय से अलग-अलग स्पर्धाओं के लिए कुल 44 विद्यार्थी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। बोर्ड परीक्षा होने के चलते 10वीं व 12वीं कक्षाओं के बच्चों को खेल स्पर्धाओं में शामिल नहीं किया हैं। उन्होंने बताया कि जिलास्तर पर खेल में 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, रिले दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, शॉटपुट व डिस्कस थ्रो को शामिल किया गया हैं।

### प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए एमडीयू की विवेकानन्द लाइब्रेरी में बनेगा अध्ययन क्षेत्र



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का प्रतिष्ठित विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय, जिसे देश की नंबर-वन लाइब्रेरी के रूप में उसके उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत भी किया जा चुका है, अब एक और बड़ी उपलब्धि जोड़ने जा रहा है। विश्वविद्यालय परिसर स्थित इस लाइब्रेरी में लगभग 60 लाख रुपये के निवेश से एक अत्याधुनिक, समर्पित अध्ययन क्षेत्र विकसित किया जा रहा है, जो कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के अंतर्गत साकार हो रहा है। यह पहल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व में आकार ले रही है। यह विशेष अध्ययन क्षेत्र सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में अपनी तरह की पहली पहल मानी जा रही है, जहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को पूर्णतः शांत, अनुशासित और आधुनिक वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। इस समर्पित स्पेस का उद्देश्य अखिल भारतीय सिविल सेवा परीक्षा, हरियाणा सिविल सेवाएं तथा अन्य प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों की विशेष आवश्यकताओं को पूरा करना है। पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. सतीश मलिक ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन का यह कदम पुस्तकालय के लिए एक महत्वपूर्ण मूल्य संवर्धन है। उन्होंने इसके लिए कुलपति एवं विश्वविद्यालय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। आज लाइब्रेरी के 24 गुणा 7 खुले रहने वाले रीडिंग हॉल्स में 1500 से अधिक विद्यार्थियों के बैठने की क्षमता है और लगभग हर समय यहां विद्यार्थी गंभीर अध्ययन में लीन दिखाई देते हैं।

## खबर संक्षेप



### नेकीराम शर्मा कॉलेज में युवा कौशल विकास एवं स्वरोज़गार पर हुआ सेमिनार

**रोहतक।** हरियाणा राज्य सहकारी विकास महासंघ, पंचकूला के तत्वावधान में जिला सहकारी शिक्षा एवं प्रशिक्षण केंद्र रोहतक द्वारा राजकीय पं. नेकीराम शर्मा महाविद्यालय में सोमवार को युवा कौशल विकास एवं स्वरोजगार विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सांगवान ने की। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक कौशल ही युवाओं को आत्मनिर्भर बनाते हैं।

### एआईयू यूनिफेस्ट में एमडीयू ने दूसरा स्थान हासिल किया



**रोहतक।** अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) द्वारा आयोजित 39वें अंतर विश्वविद्यालय उत्तर-मध्य क्षेत्र युवा महोत्सव 2025-26 (यूनिफेस्ट) में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की टीम ने सशक्त और सराहनीय प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रभावी परिचय दिया। महोत्सव के दौरान मिमिक्री, स्किट, क्ले मॉडलिंग तथा ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिताओं में एमडीयू टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त कर अपनी सृजनात्मक क्षमता और मंचीय कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त रंगोली प्रतियोगिता में टीम ने तृतीय स्थान हासिल कर विश्वविद्यालय को एक और उपलब्धि दिलाई। निदेशक युवा कल्याण डॉ प्रताप राठी ने बताया कि यह प्रतिष्ठित युवा महोत्सव 3 से 7 फरवरी तक महर्षि मारकंडेश्वर यूनिवर्सिटी, मुलाना (अंबाला) में आयोजित किया गया, जिसमें उत्तर-मध्य क्षेत्र के अनेक विश्वविद्यालयों की प्रतिभाशाली टीमों ने भाग लिया।कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच एमडीयू की टीम ने विभिन्न विधाओं में उत्कृष्टता साबित की। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग समेत विश्वविद्यालय प्रशासन एवं शिक्षकों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, अनुशासन और समर्पित प्रशिक्षण का परिणाम है।

### आकाशदीप दूहन विज्ञान संस्थान में प्रतिभाशाली फैकल्टी की नियुक्ति

**रोहतक।** शिक्षा की गुणवत्ता को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आकाशदीप दूहन विज्ञान संस्थान ने प्रतिभाशाली और योग्य फैकल्टी की नियुक्ति की है, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मेहनत और काबिलियत से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। संस्थान की नई टीम विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा और बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

संस्थान की निकिता ने इंग्लिश विषय में ऑल इंडिया रैंक 64 हासिल कर जेआरएफ क्वालिफाई किया है, जो उनकी विषय पर मजबूत पकड़ और निरंतर मेहनत को दर्शाता है। वहीं विनिता सर पहले जीई के लिए चयनित हुए थे और बाद में मैथ्स विषय में ऑल इंडिया रैंक 34 प्राप्त कर जेआरएफ भी क्वालिफाई किया। उनकी यह उपलब्धि छात्रों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। स्कूल डायरेक्टर डॉ. अशोक दूहन ने कहा कि संस्थान का लक्ष्य विद्यार्थियों को अनुभवी और योग्य शिक्षकों के माध्यम से बेहतर शिक्षा देना है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों की ऐसी उपलब्धियां न केवल संस्थान की गुणवत्ता को बढ़ाती हैं, बल्कि छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए प्रेरित भी करती हैं। योग्य मार्गदर्शन से छात्र अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं।

### स्वयंसेवकों को निस्वार्थ भाव से सेवा करने के लिए प्रेरित किया

**रोहतक।** पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन में एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस गीत व योग के साथ हुई । विद्यालय इंचार्ज रामकुमार ने एनएसएस स्वयंसेवकों को संबोधित किया व स्वयंसेवकों को निस्वार्थ भाव से सेवा करने के लिए प्रेरित किया । इसके बाद स्वयं सेवकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव सेशन परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम एपिसोड टू देखा । वैश्य कॉलेज से आए डॉ. फूल, डॉ. गीता, डॉ. अल्का व डॉ. अंजू ने विद्यार्थियों को करियर से संबंधित जानकारी दी और उन्हें माता पिता के कहे अनुसार आचरण करने के लिए प्रेरित किया । एनएसएस स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर की साफ़ सफ़ाई की। डॉ. ललित कुमार जिला काउंसलर ने परीक्षाओं के तनाव को कम करने के उपाय बताए । यह एक दिवसीय शिविर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीलम भाकर की देखरेख में लगाया गया।

## पहरावर में प्रस्तुत किया भगत पूर्णमल का सांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

अखिल भारतीय गोशाला पहरावर में वार्षिक उत्सव का शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांग का उद्घाटन समाजसेवियों और गौभक्तों द्वारा गौमाता की सेवा में उदार दान देकर किया गया। मास्टर ओमप्रकाश मायना ने 2,05,001 रुपये, राजपाल राजा निठारी, सतबीर कुमार उप प्रधान व वासुदेव शर्मा महासचिव ने 1,51,000-1,51,000 रुपये, अजीत शर्मा ककराना ने 1,11,111 रुपये, संदीप शर्मा (टीटू) रोहतक ने 1,11,000 रुपये और बलबीर सुनारियां ने 1,01,000 रुपये का सहयोग दिया। गौशाला प्रधान नरेश शर्मा ने बताया कि आज के कार्यक्रम में कुल 12,15,200 रुपये का दान प्राप्त हुआ, जबकि 4 फरवरी से 9 फरवरी तक कुल दान 64,58,983 रुपये तक पहुंच चुका है। वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम 15 फरवरी तक जारी रहेंगे, जिनमें विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। कार्यक्रम के पहले दिन विष्णुदत्त द्वारा भगत पूर्णमल का सांग प्रस्तुत किया।



## जस्टिस सूर्यकांत के जन्मदिन पर बार एसोसिएशन का विशेष कार्यक्रम, ब्लड डोनेशन कैंप और सम्मान समारोह की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



जिला बार एसोसिएशन की ओर से जस्टिस सूर्यकांत के 65वें जन्मदिन के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला न्यायालय के सेशन जज अजय तेवतिया सहित अन्य न्यायिक अधिकारी और बार एसोसिएशन के सदस्य मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर जस्टिस सूर्यकांत के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। बार एसोसिएशन के प्रधान दीपक हुड्डा ने बताया कि जस्टिस सूर्यकांत को जनवरी के प्रथम सप्ताह में दिल्ली स्थित उनके आवास पर जाकर रोहतक आने का निमंत्रण दिया गया था। उस दौरान उन्होंने रोहतक से अपने पुराने जुड़ाव को याद करते हुए जल्द ही शहर का दौरा करने का आश्वासन दिया था।

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
REQUIRES
- BAMS 2
- RMO 2
- PRO 2
- NURSING STAFF 4
- ACCOUNTANT 1
- COMPUTER OPERATOR 2
- RECEPTION 2
- WARD BOY 4
- SWEEPER 2

**कार्यक्रम** भिवानी के विद्यान्तरिक्ष स्कूल में चिल्ड्रेन्स लिटरेचर फेस्टिवल

# नाटक अंधेर नगरी का किया मंचन

- नौटंकी शैली में प्रस्तुत एक घंटे के इस नाटक ने दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



सप्तक कल्चरल सोसाइटी के प्रसिद्ध हास्य नाटक अंधेर नगरी का भिवानी के विद्यान्तरिक्ष स्कूल में चल रहे चिल्ड्रेन्स लिटरेचर फेस्टिवल में मंचन हुआ। नाटक के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को सीखने के वैकल्पिक माध्यमों से रूबरू करवाना था। हिंदुस्तान में नाटक के पितामह भारतेंदु हरिश्चंद्र द्वारा लगभग 150 साल पहले लिखे गए अंधेर नगरी का निर्देशन और पुनर्लेखन विश्व दीपक त्रिखा ने और सहनिर्देशन अविनाश सैनी ने किया।

नौटंकी शैली में प्रस्तुत एक घंटे का यह नाटक दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरने में कामयाब रहा। नाटक में उस समय के समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार पर करारा व्यंग्य किया गया है। मजे की बात यह रही कि उस वक्त का व्यंग्य आज के भारत में भी बिलकुल प्रासंगिक नजर आता है। लोगों ने महसूस किया कि यह सारा भ्रष्टाचार और बौद्धिक दिवालियापन तो आज भी समाज और सत्ता के गलियारों में मौजूद है। अंधेर नगरी एक ऐसे राज्य की कहानी है, जिसमें मूर्ख और बुद्धिमान, सभी को बराबर माना जाता है। इसीलिए वहां सभी सामान टके सेर मिलता है, फिर चाहे वह सोना हो या भूसा। वहां का राजा चौपट खुद बेवकूफ है। कथा के अनुसार, नगर में एक औरत की बकरी किसी की दीवार के नीचे दब कर मर जाती है। न्याय करने का दिखावा करते हुए राजा बारी बारी से दीवार के मालिक, कारीगर, भिश्ती, कसाई, गडरिए और राज के कोतवाल को फांसी देने का हुक्म देता है, लेकिन सब लोग उसे बेवकूफ बना कर बच जाते हैं। बाद में वह चेले को केवल इसलिए फांसी का हुक्म दे देता है, कि फांसी का फंदा उसकी गर्दन में फिट आ जाता है। परन्तु अंत में गुरु व चेला अपनी बुद्धिमत्ता से राजा को ही फांसी पर चढ़ने को मजबूर कर देते हैं और राज्य को एक सनकी व मूर्ख राजा से छुटकारा मिलता है। नाटक में कलाकारों ने उम्दा अभिनय का परिचय दिया, जिसे दर्शकों की भरपूर सराहना मिली।

**इन्होंने निभाई भूमिका**

बता दें कि पूर्व में अंतर्राष्ट्रीय क्राफ्ट महोत्सव सूरजकुंड, पिचहत्तर दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य समारोह 'अलवर रंगम', राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव पटियाला, सीएसओआई दिल्ली सहित हिसार, झज्जर और महेन्द्रगढ़ में हो चुके इस नाटक में अविनाश सैनी ने चेले की मुख्य भूमिका निभाई और अपने सजीव अभिनय से दर्शकों को काफी प्रभावित किया। डॉ. सुरेंद्र शर्मा ने गुरू, ललित खन्ना ने राजा और पान वाले तथा विकास रोहिल्ला ने मंत्री की भूमिका बखूबी निभाई। अजय पांचाल ने कारीगर और कोतवाल, सोनिका पंवार ने चेले की पत्नी, फूल वाली और फ़रियादन की तथा भिवानी की कोमल ने नर्तकी की भूमिका अदा की। मिठाई वाला और भिश्ती की भूमिका में शक्ति सरोवर त्रिखा; चने वाला, गडरिया और द्वारपाल की भूमिका में समीर शर्मा की रही।



रोहतक। जिला राजस्व अधिकारी कार्यालय में रजिस्ट्री करवाते लोग। फोटो :हरिभूमि

# तहसीलदार हड़ताल पर, डीआरओ ने की 8 रजिस्ट्री, 40 टोकन भी किए स्वीकृत, सांपला के एसडीएम थे छुट्टी पर

## अब इन टोकन पर निर्धारित समय में लोग करवा सकते हैं रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शुक्रवार के बाद सोमवार को भी तहसीलदार हड़ताल पर रहे। जिससे तहसील कार्यालय में प्रशासनिक काम बाधित हुआ। लोग रजिस्ट्री कराने के लिए तहसील पहुंचे। लेकिन उनकी रजिस्ट्री नहीं हुई। जो लोग रजिस्ट्री करानपे के लिए पहुंचे थे, उन्होंने तीन दिन पहले टोकन बुक किए थे। बावजूद इसके रजिस्ट्री नहीं हुई। इधर प्रशासनिक कार्य की गति ज्यादा बाधित न हो, इसके लिए राज्य सरकार ने तहसीलदारों की हड़ताल से निपटने के लिए बड़ा कदम भी उठाया। सरकार के आदेशों की पालना करते हुए सोमवार को डीआरओ(जिला राजस्व अधिकारी) और संबंधित एसडीएम ने रजिस्ट्री की। रजिस्ट्री के अलावा दूसरे दस्तावेजों जैसे, रिहायशी प्रमाणपत्र, जाति प्रमाण पत्र, इन्कम सर्टिफिकेट आदि पर भी डीआरओ और एसडीएम ने अपनी मुहर लगाकर उसे सत्यापित किया। ताकि लोगों के काम कम से कम अटके। इधर, बताया जा रहा है कि रेवेन्यू आफिसर एसोसिएशन से सरकार बात तक करने को तैयार नहीं है। सूत्र बताते हैं कि एसोसिएशन के कुछ पदाधिकारी राजस्व विभाग की वित्तायुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा से मिलने के लिए चंडीगढ़ गए थे,लेकिन उन्होंने बात नहीं की। जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल ने कहा कि उन्होंने आठ रजिस्ट्री की तथा 40 टोकन को स्वीकृति प्रदान की। जिन टोकन को स्वीकृति प्रदान की गई है, उसकी रजिस्ट्री तय समय में कर दी जाएगी, ऐसा डीआरओ ने कहा है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि लोगों के काम तहसीलदारों/नायब तहसीलदारों की हड़ताल की वजह से कम से कम प्रभावित हों, इसके इंतजाम कर दिए गए हैं।

■ अफसर ने प्रमाणपत्रों पर भी किए हस्ताक्षर

### ये हैं हड़ताल की वजह

हरियाणा की रेवेन्यू आफिसर एसोसिएशन के बैनर तले गुरुग्राम के वजीराबाद में नायब तहसीलदार नरेंद्र कुमार, नारायणगढ़ के नायब तहसीलदार संजीव अत्री व पंचकूला के रायपुर रानी के तहसीलदार विक्रम सिंगला को निलंबित किए जाने के बाद तहसीलदार व नायब तहसीलदार गत शुक्रवार से हड़ताल पर हैं। इससे पहले प्रदेश में 2 से 5 फरवरी तक पटवारी हड़ताल पर थे। कुल मिलाकर राजस्व विभाग की प्रशासनिक व्यवस्था बीते एक सप्ताह से पटरी पर नहीं है। तहसीलदार व नायब तहसीलदारों के पोर्टल से ऐसी काफी सेवाएं हैं, जिनके लिए किसी को भी जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई है। इनमें डोमिसाइल, विवाह पंजीकरण, जमाबंद व इंतकाल जैसे कार्य शामिल हैं। लेकिन एकाध अधिकारी ने रोहतक में कुछ प्रमाणपत्रों पर हस्ताक्षर किए।

### आपराधिक मामलों से नाराजगी

रेवेन्यू आफिसर एसोसिएशन के अनुसार तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों पर कार्रवाई कर भय का माहौल बनाया जा रहा है। किसी भी तहसीलदार की बिना किसी जांच के गिरफ्तारी हो जाती है। उनकी मांग है कि पहले सक्षम अधिकारी से इसके लिए अनुमति ली जाए, उसके बाद कार्रवाई हो। एसोसिएशन का कहना है कि स्टांप शुल्क के कथित कम मूल्यांकन से जुड़े मामलों को भारतीय स्टांप अधिनियम के तहत निपटाने की बजाय उन्हें आपराधिक रंग दिया जा रहा है। ऐसे मामलों के लिए कानून में पहले से स्पष्ट प्रक्रिया तय है। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार ने शीघ्र हस्तक्षेप नहीं किया, तो पंजीकरण कार्य से जुड़ा पेन-डाउन आंदोलन आगे भी जारी रह सकता है। अधिकारियों ने कहा कि उनका उद्देश्य टकराव नहीं, बल्कि कानून के शासन और ईमानदार अधिकारियों के वैधानिक संरक्षण की रक्षा करना है।

## खबर संक्षेप

### 266 युवाओं का विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन

**रोहतक।** राजकीय आईटीआई (सैनिक परिवार भवन) में सोमवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में क्षेत्र के 514 युवक-युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें से योग्यता के आधार पर 266 युवाओं का चयन विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभाग के अतिरिक्त निदेशक सुमित सहरावत ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया और वहां मौजूद कंपनी प्रतिनिधियों का स्वागत किया।

### कांग्रेस ने पदाधिकारियों की लिस्ट जारी की

**रोहतक।** लम्बे इंतजार के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने रोहतक के ग्रामीण पदाधिकारियों की लिस्ट जारी कर दी है। प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की तरफ से जारी आदेशों के तहत चार उप प्रधान नियुक्त किए गए हैं। जिनमें बाल किशन शर्मा, निर्मला शर्मा, राजेश भालौट और लेखपाल शामिल हैं। महासचिव के लिए राज बहादुर शर्मा, राकेश किलोई शामिल हैं। इसके अलावा महासचिव के लिए जगदीश शर्मा, ओमप्रकाश, विद्यानंद, मंजू देवी, रवि कत्याल, संजय कुमार, मांगे राम और अमित शामिल हैं। इसके अलावा 16 सचिव भी नियुक्त किए गए हैं। जिनमें नीशू, विनोद, विक्की जांगड़ा, ज्ञानीराम, धर्मेंद्र, संदीप, राजेश बैरागी, घासीराम, देवराज वाल्मीकि, अशोक ककराना, संजय दलाल, राजीव, अशोक, श्रीपाल, तस्वीर कुमार और जोमबीर आदि शाामिल हैं।

## डीएलसी सुपवा में चार दिवसीय 'भारंगम' व 'सारंग' महोत्सव का भव्य आगाज

# पुणे स्थित एफटीआईआई से भी बेहतर है सुपवा : यशपाल शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसी सुपवा) रोहतक में सोमवार को चार दिवसीय 'भारंगम' व 'सारंग' महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। अभिनेता यशपाल शर्मा ने कहा कि कुलपति डॉ अमित आर्य ने सुपवा को फिर से जिंदा कर दिया है। यहां की रौनक अब फिर से लौट आई है। मुझे लगता है कि सुपवा पुणे स्थित एफटीआईआई से भी बेहतर है। यहां की सुविधाओं का फायदा छात्रों को उठाना चाहिए। सबसे अच्छी बात यह है कि यहां पर वाइस चांसलर व अन्य स्टाफ हमेशा छात्रों के बीच ही रहते हैं। छात्रों को अपनी परेशानियों के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं है। उन्होंने छात्रों को क्रिएटिविटी व अच्छी सोच के साथ करने की सलाह दी।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भोजपुरी गायक एवं सांसद मनोज तिवारी, प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता यशपाल शर्मा, ओलंपिक पदक विजेता रेसलर योगेश्वर दत्त, पहलवान व मॉडल संग्राम सिंह, एनएसडी के वरिष्ठ रंगकर्मी विद्यानिधि, रोहतक के डीसी सचिन गुप्ता, फिल्म निर्माता अतुल गंगवार, हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया व समाजसेवी सुभाष आहुजा मुख्य रूप से मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने यूनिवर्सिटी गैलरी में लगी फोटो प्रदर्शनी का जायजा लिया। इससे पहले कुलपति डॉ. अमित आर्य ने अतिथियों का स्वागत किया और अतिथियों ने यूनिवर्सिटी परिसर में स्थापित सूर्य कवि पंडित लख्मी चंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।



रोहतक। प्रदर्शनी का अवलोकन करते अभिनेता यशपाल शर्मा, पहलवान संग्राम सिंह, हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया, कुलपति अमित आर्य।



रोहतक। सांसद मनोज तिवारी को सम्मानित करती कुलसचिव डॉ. गुंजन मलिक व कुलपति अमित आर्य।



रोहतक। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व अन्य।

### मयूरभंज छऊ व ओडीसी डांस ने मोह लिया मन

दोपहर बाद के सत्र में ओडिशा राज्य की दो डांस फोम देखने को मिली। द नृत्यबोधन डांस कंपनी की टीम ने मयूरभंज छाऊ डांस व ओडीसी डांस फोम ने सभी का मन मोह लिया। नृत्यांगना शिफाली टाकिया के निर्देशन में उनकी टीम ने इस डांस को प्रस्तुत किया। मयूरभंज छाऊ सक लोक शास्त्रीय नृत्य, जो ओडिशा के मयूरभंज जिले में आता है। डांस में कलाकार जाहिर व सुमित ने अपनी शारीरिक शक्ति, तेज गति व भावपूर्ण अभिनय का प्रदर्शन किया।

### नाटक उम्मीद : मनुष्य जिंदा है का मंचन किया

नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) की तरफ से विश्व के सबसे बड़े थियेटर फेस्टिवल भारत रंग महोत्सव (भारंगम) के 25वें संस्करण का आयोजन दुनिया भर के 44 शहरों में हो रहा है। हरियाणा में इस आयोजन की जिम्मेदारी दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) को मिली है। सोमवार को पहले दिन नाटक 'उम्मीदः मनुष्य जिंदा है' का मंचन हुआ। डॉ सच्चिदानंद जोशी द्वारा लिखित इस नाटक का मंचन दिल्ली के प्रज्ञा थियेटर ग्रुप द्वारा किया गया। नाटक का निर्देशन लक्ष्मी रावत ने किया।



## हेपेटाइटिस के खिलाफ एमटीएफसी व पीजीआई ने चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एमटीएफसी संस्था तथा पीजीआईएमएस के वॉर्ड नंबर 33 के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रवीण मल्होत्रा के संयुक्त सहयोग से शहर में काला पीलिया (हेपेटाइटिस) बी एवं सी के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत एमटीएफसी संस्था के सदस्य रोहतक के बार्बर्स और पार्लर्स तक डोर-टू-डोर सर्वे के माध्यम से पहुंचे। उन्हें यह बताया कि काला पीलिया बी और सी का संक्रमण सबसे अधिक उन व्यवसायों में फैलता है जहां शेविंग ब्लेड, कैंची, नेल-किट अथवा अन्य उपकरण कई व्यक्तियों पर बार-बार उपयोग किए जाते हैं, ऐसे में संक्रमण से बचाव के लिए स्वच्छ उपकरणों, उच्च गुणवत्ता वाले सेनिटाइजर का उपयोग अत्यंत आवश्यक है।

### हेपेटाइटिस मुक्त रोहतक अभियान को मिली मजबूती

अभियान के दौरान बार्बर्स और पार्लर्स को सेनिटाइजर, आवश्यक केमिकल तथा नेपकिन से युक्त विशेष हाइजीन किट वितरित की गई तथा यह सुविधा भी प्रदान की गई कि किट समाप्त होने पर दुकानदार केवल फोन द्वारा सूचना दें, जिसके पश्चात पीजीआईएमएस रोहतक की ओर से सामग्री पुनः उपलब्ध कराई जाएगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य आमजन को सुरक्षित सेवाएं प्रदान करना, संक्रमण की श्रृंखला को रोकना और रोहतक को पूर्णतः हेपेटाइटिस-मुक्त शहर बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम बढ़ाना है। एमटीएफसी संस्था के प्रधान नरेश ढल ने कहा कि डॉ. प्रवीण मल्होत्रा समाज के प्रति संवेदनशील व्यक्तित्व वाले चिकित्सक हैं, जो सदैव जनहित के लिए समर्पित रहते हैं।

### पूर्व सीएम व बत्रा ने अमित ढाका के निधन पर शोक जताया

**रोहतक।** उत्तम विहार में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा विधायक भारत भूषण बत्रा स्वर्गीय अमित ढाका के आवास पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। दोनों नेताओं ने अमित के पिता रामफूल फूल सिंह से मिलकर इस अपूरणीय क्षति पर गहरा दुख जताया और परिवार को इस कठिन समय में धैर्य और साहस बनाए रखने का संबल दिया। 32 वर्षीय अमित ढाका का बुधवार को निधन हो गया था। वे पिछले करीब आठ महीनों से गंभीर रूप से अस्वस्थ चल रहे थे और उनका इलाज चल रहा था। शोक व्यक्त करने पहुंचे लोगों में कैप्टन राय सिंह ढाका, पूर्व इंस्पेक्टर रामफल ढाका, पूर्व इंस्पेक्टर रामेहर ढाका, अनिल ढाका, सुनील ढाका, सब-इंस्पेक्टर सुभाष ढाका, नवनीत ढाका, राजेश हुड्डा, अशोक हुड्डा, संजय ठेकेदार और एडवोकेट पंकज ढाका प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## क्यूआर कोड पर मिली 400 शिकायतें, 150 का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गत नवंबर में रोहतक प्रशासन ने लघु सचिवालय स्थित विभिन्न कार्यालयों के बाहर क्यूआर कोड चस्पाए थे। इनके चस्पाने का उद्देश्य ये था कि लोग अपनी शिकायत इस पर दर्ज कराएं। अभी तक क्यूआर कोड पर 400 शिकायत दर्ज की गई। इनमें से 150 का हल प्रशासन ने करा दिया है। बाकि 250 का निवारण करने की प्रक्रिया जारी है। ऐसा बताया है, नगराधीश अंकित कुमार ने। कुमार ही व्हाट्सएप-आधारित शिकायत निवारण चैटबोट के नोडल अफसर हैं। इन्होंने बताया कि जो शिकायतें छोटी-मोटी थी, उनका हल करा दिया गया है। कोई भी व्यक्ति नमस्ते रोहतक' व्हाट्सएप ग्रीवेंस रिड्रेसल चैटबोट नंबर 8008001798 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। नगरधीश अंकित कुमार ने कहा कि शिकायतों का वर्गीकरण नहीं किया जाता है। जो शिकायत मिलती हैं, उसे विभागाध्यक्ष को भेजकर उसे हल करने के निर्देश दिए जाते हैं।

### लोगों को मिली राहत

नमस्ते रोहतक ग्रीवेंस रिड्रेसल चैटबोट ( व्हाट्सएप नंबरः 8008001798) है। इस पर लोग अपनी परिवेदना से प्रशासन को अवगत करा सकते हैं। प्रशासन का दावा है कि इस नंबर पर दर्ज शिकायतों का हल किया जाता है। नई व्यवस्था होने के बाद लोगों को काफी राहत मिलेगी। ऐसा अधिकारिक दावा है। हालांकि लोगों की शिकायतों का हल करने के लिए प्रत्येक सोमवार को डीसी ऑफिस और सब डिविजन स्तर पर समाधान शिविर का नियमित रूप से आयोजन प्रशासन किया जा रहा है।

### नमस्ते रोहतक के बारे में जानें

जिसके माध्यम से नागरिक बेहद सरल तरीके से अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं। शिकायत दर्ज करने के लिए एक बार रजिस्ट्रेशन में नाम, ग्रामीण-शहरी विकल्प, फिर गांव खंड या वार्ड-कॉलोनी सलेक्ट की जाती है। इसके बाद विभाग श्रेणी और संबंधित विभाग चुना जाता है। शिकायत दर्ज करने के विकल्प सीधे टाइप करके, या अधिकतम तीन तस्वीरें अपलोड कर, जैसे लिखित शिकायत की फोटो। शिकायतकर्ता अपना स्थान और पता दर्ज करेंगे। प्रशासन का कहना है कि एक पूर्ण सारांश स्क्रीन पर दिखता है। सबमिट करने पर यूनिक टिकट नंबर मिलता है। इसके बाद नोडल अधिकारी द्वारा शिकायत संबंधित विभाग को उसी समय भेजी दी जाती है।

### प्रेम घिलोड़िया बने हुडा वर्कर्स यूनियन के चीफ

**रोहतक।** हुडा वर्कर्स यूनियन का सर्कल कमेटी रोहतक का द्विवार्षिक चुनाव राज्य चेयरमैन नरेश मलिक की अध्यक्षता में करवाया गया, जिसमें रिटायर्ड कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों सहित जिला प्रधान जगपाल सांगवान व मास्टर सुनेहरा सिंह आदि शामिल हुए। जगपाल सांगवान ने चुने हुए पदाधिकारीयों को शपथ दिलवाई। चुनाव में रोहतक सोनीपत व राज्य कमेटी के पदाधिकारी भी पहुंचे। चुनाव में चीफ पैटर्न प्रेम घिलोड़िया, प्रधान रणवीर सिंह, सह चीफ पैटर्न रमेश धनखड़, मुख्य सलाहकार महेश सपड़ा, चेयरमैन अनिल मलिक, वरिष्ट उप प्रधान बिजेंदर गुलिया , उप प्रधान रोशन दलाल, अरविंद पांचाल, विकास बाजवान, सचिन नरेंद्र राठी, सह सचिव पवन कुमार चुने गए।

# शौचालयों की हालत खस्ता, आमजन परेशान

■ कई जगह सफाई नहीं तो कहीं लटके हुए हैं ताले

■ अधिकतर शौचालयों पर नहीं है स्थाई कर्मचारी की नियुक्ति

■ 100 से अधिक हैं शौचालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। दिल्ली बाईपास पर लॉक किया गया शौचालय।



रोहतक। सेक्टर दो तीन की मार्केट में स्थित शौचालय में भरा हुआ पानी।



रोहतक। लघु सचिवालय परिसर में बनाए गए शौचालयों पर लटके हुए ताले।

नगर निगम द्वारा शहर में बनाए गए शौचायलों की हालत में सुधार नहीं हो पा रहा है। न केवल साफ सफाई की कमी है बल्कि स्थाई कर्मचारी तक तैनात नहीं हैं। साथ ही कहीं ताले लटके पड़े हैं तो कहीं सामान टूटा हुआ है। जबकि निगम कई साल से शौचायलों को स्मार्ट और आधुनिक बनाने के लिए दावे करता रहा है। कई बार आवाज उठाई जाती है तो कुछ समय के लिए शौचायलों के ताले खोल दिए जाते हैं। कुछ दिन बाद फिर पहले जैसे हालात हो जाते हैं। लघुसचिवालय परिसर में स्थित शौचालयों पर अक्सर ताला लटका हुआ पाया जाता है। जिसकी वजह से यहां आने वाले हजारों लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

दिल्ली बाईपास का शौचालय शाम होते ही बंद हो जाता है। यहां तैनात कर्मचारी अक्सर शाम को शौचालय लॉक कर अंदर ही सो जाता है। इसकी वजह से यहां आने जाने वाले हजारों यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर महिलाओं और बुजुर्गों को काफी दिक्कतें आती हैं।

सेक्टर दो तीन की मार्केट में बने शौचायलों के हालात कई साल से नहीं सुधर रहे हैं। यहां न तो कर्मचारी समय पर मिलता है और न ही न ही साफ सफाई के पूरे प्रबंध किए गए हैं। शौचालयों के बाहर भी गंदा पानी भरा रहता है। इसके अलावा शौचालयों में अंदर भी सामान टूटा हुआ है। कहने को महिला और पुरुषों के लिए अलग अलग शौचायल हैं लेकिन सुविधा के नाम पर केवल खानापूर्ति ही है। स्थानीय लोगों ने कई बार शिकायत की है लेकिन कोई समाधान नहीं हो पा रहा है।

## एक फरवरी से शुरू हो चुका काम, प्रत्येक एकड़ पर जाकर अपलोड करनी है रिपोर्ट, सरकार ने कहा-फोन का करें इस्तेमाल

# पटवारियों के पास न लैपटॉप न टैबलेट, कैसे अपलोड करें गिरदावरी रिपोर्ट

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

गत 1 फरवरी से फसलों की गिरदावरी करने के लिए सरकार ने राजस्व विभाग को निर्देश जारी किए हुए हैं। इस बार गिरदावरी ऑनलाइन की जानी है। लेकिन आपको जानकार ये हैरानी होगी कि पटवारियों के पास लैपटॉप और टैबलेट नहीं हैं। सरकार ने जो टैबलेट वर्ष सात-आठ साल पहले दिए थे, वे इस समय काम नहीं कर रहे हैं। ऐसे में कैसे ऑनलाइन गिरदावरी होगी, ये बड़ा सवाल पटवारियों के लिए खड़ा हो चुका है। अधिकारी कुछ कहने की स्थित में नहीं हैं। उनका तर्क है कि आजकल सभी पटवारियों के पास एंड्रोड फोन हैं। वे गिरदावरी की रिपोर्ट उससे




### अब तक ऐसे भेजी जाती थी रिपोर्ट

एक दिन में पटवारी जितने भी रकबे की गिरदावरी करता, उसे कागज पैन से नोट करके अपने ऑफिस लेता आता। इसके बाद कार्यालय बैठकर रिपोर्ट को जब भी समय मिलता, सरकार के पोर्टल पर अपलोड कर देता। लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। पटवारी जिस भी रकबे में जाएगा, वहीं खड़े होकर ही उसे ऑनलाइन रिपोर्ट अपलोड करनी होगी। सरकार की सोच है कि पटवारी अपने घर बैठकर ही रिपोर्ट अपलोड कर देते हैं। जिससे गिरदावरी में खामियां रह जाती हैं। जिसका नुकसान कई बार किसानों को नुकसान हो जाता है। एक पटवारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि सरकार बेवजह पटवारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है। प्रत्येक पटवारी खेतों में जाकर गिरदावरी करता है, इसके बाद ही वह सरकार के पोर्टल में ये दर्ज करता है कि किस एकड़ में किसान कौनसी फसल बोई है।

### टैबलेट हुए कबाड़

सूत्र बताते हैं कि पटवारियों को वर्ष 2017-18 में सरकार ने कामकाज करने के लिए टैबलेट उपलब्ध कराए थे। लेकिन ये टैबलेट अब कबाड़ में तब्दील हो चुके हैं। बताया जा रहा है कि किसी की बैटरी खराब है तो किसी की स्क्रीन में दिक्कत है। बताया तो यह भी जा रहा है कि जब टैबलेट दिए गए थे, उसी समय ही स्क्रीन सही तरह से काम नहीं कर रही थी। जब पटवारी इन्हें खेतों में लेकर जाते थे तो धूप में स्क्रीन पर कुछ दिखाई ही नहीं देता था। ये टैब इस समय पटवारियों की अलमारियों में धूल फांक रहे हैं।

### ये भी जानें

गत नवंबर में सरकार ने नीमली गांव चरखीदादरी के पटवारी अमित कुमार, पटौदी गुरुग्राम के सुनील, जांडवाल फतेहाबाद के सतपाल, जुई खुर्द भिवानी के कृष्ण, शाहबाद कुरुक्षेत्र के जतिन चावला और कालवन जींद के पटवारी अनिल कुमार को निलंबित कर दिया था। इन सभी आरोप थे कि उन्होंने खरीफ 2025 में बारिश से खराब हुई फसलों की गिरदावरी के प्रत्येक एकड़ के फोटो पोर्टल पर अपलोड नहीं किए। पटवारी निलंबित किए तो गत 2 से 4 फरवरी तक प्रदेश के पटवारियों ने अपने अपने जिला मुख्यालय पर धरने देने शुरू कर दिए। इसके बाद सरकार ने निलंबन के आदेश वापस लिए तो पटवारी काम पर लौटे। अब पटवारी काम पर लौटे तो तहसीलदारों ने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल शुरू कर दी है।

